# -:प्रेस-नोट:-

**जनसुनवाई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा का प्रदेश में प्रथम स्थान।**

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित जनसुनवाई (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त मुख्यमंत्री संदर्भों एवं ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण की जुलाई 2026 माह की मूल्यांकन रिपोर्ट में चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को इस कार्यालय द्वारा तत्काल संबंधित जनपदों को प्रेषित कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। शिकायतों के निस्तारण की सतत निगरानी भी की जाती है, जिससे प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित हो सके।

डीआईजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री राजेश एस. के निर्देशन में प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर विधिसम्मत एवं त्वरित कार्रवाई कराई जाती है। उनके मार्गदर्शन में परिक्षेत्र स्तर पर प्राप्त सभी शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है तथा उन्हें जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से संबंधित जनपदों को भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण की निरंतर समीक्षा की जाती है।

जुलाई 2026 की मूल्यांकन रिपोर्ट में चित्रकूटधाम परिक्षेत्र,बांदा ने 110 में 110 (शत-प्रतिशत) अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त जनपद बांदा, हमीरपुर एवं महोबा ने भी 125 में 125 अंक प्राप्त कर प्रदेश में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

चित्रकूटधाम परिक्षेत्र एवं अधीनस्थ जनपदों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस उप महानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट कार्यशैली के साथ जनशिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए हैं।